## माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र., भोपाल
## हाईस्कूल परीक्षा 2021–22
## आदर्श प्रश्न पत्र
## विषय – हिन्दी

समय – 3 घण्टा | पूर्णांक 80

निर्देश –

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 1×32=32 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित हैं तथा शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं तथा शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(अ) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं तथा शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

---

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए – (6×1=6)

अ. भक्तिकाल की कृष्ण भक्ति धारा के प्रवर्तक हैं – (1)

(i) श्री शंकराचार्य महाप्रभुवल्लभाचार्य
(ii) महाप्रभुवल्लभाचार्य
(iii) श्री रामानुजाचार्य
(iv) श्री शुक्राचार्य

ब. निबंध के प्रमुख तत्व हैं – (1)

(i) दो
(ii) तीन
(iii) पाँच
(iv) छः

स. हिन्दी का पहला आँचलिक उपन्यास माना जाता है – (1)

(i) 'मैला आँचल'
(ii) 'देहाती दुनिया'
(iii) 'गोदाम'
(iv) 'गबन'

द. काव्य के भेद हैं – (1)

(i) चार
(ii) दो
(iii) तीन
(iv) पाँच

इ. रस के अंग होते हैं – (1)

(i) चार
(ii) पाँच
(iii) छः
(iv) आठ

फ. समास के भेद हैं – (1)

(i) तीन
(ii) चार
(iii) पाँच
(iv) छः

2. रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए – (7×1=7)

अ. छायावाद के प्रमुख आधार .................................... हैं। (1)
(नागार्जुन / जयशंकर प्रसाद)

ब. सूरदास का जन्म सन् .................................... में माना जाता है। (1)
(1478 ई0 / 1378ई0)

स. 'सूरज कब निकलेगा' यह रचना .................................... की है। (1)
(महादेवी वर्मा / स्वयं प्रकाश)

द. 'जार्ज पंचम की नाक' की रक्षा के लिए ..............................तैनात कर दिए गए थे। (1)
(हथियार बंद पहरेदार / कलमबंद पहरेदार)

इ. ..................................एक महाकाव्य है। (1)
('पंचवटी' / 'साकेत')

फ. 'अंधों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ .......................................... है। (1)
(मूर्खों में अल्पज्ञ ज्ञानी / लकड़ी की लाठी)

य. 'हड्डी पसली एक करना' मुहावरे का अर्थ ................................ है। (1)

(अधिक मारना / हड्डी पसली दिखाना)

3. सही जोड़ी लिखिए – (6×1=6)

| | I | | II |
|---|---|---|---|
| अ. | 'आकाश दीप', 'आँधी' और 'इन्द्रजाल' | क. | कमलेश्वर |
| ब. | 'बालगोबिन भगत' रेखाचित्र | ख. | अज्ञेय |
| स. | 'जार्ज पंचम की नाक' | ग. | हरिवंश राय बच्चन |
| द. | 'मैं क्यों लिखता हूँ' | घ. | कहानी संग्रह है। |
| इ. | 'कोटि कुलिस सम वचनु तुम्हारा' पंक्ति में | ड. | क्रिया–विशेषण कहलाते हैं। |
| फ. | क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द | च. | आश्रित वाक्य |
| | | छ. | अनुप्रास व उपमा अलंकार |
| | | ज. | ग्रामीण जीवन की सजीव झाँकी |

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (7×1=7)

अ. 'नई कविता' का प्रारंभ किस सन् से माना जाता है ? (1)
ब. हिन्दी का प्रथम उपन्यास किसे माना गया है ? (1)
स. पाठ 'छाया मत छूना' के कवि का नाम लिखिए। (1)
द. बालगोबिन भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ? (1)
इ. 'मात्रिक छन्द' की परिभाषा लिखिए । (1)
फ. 'तुम तौं कालु हाँक जनु लावा' इस पंक्ति में निहित अलंकार का नाम लिखिए। (1)
य. अनेकार्थी शब्द की परिभाषा लिखिए। (1)

5. सत्य /असत्य लिखिए – (6×1=6)

अ. प्रयोगवाद के जनक सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' माने जाते हैं। (1)
ब. 'नाटक' विधा में 'अभिनय' तत्व को सम्मिलित किया गया है। (1)
स. हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरूपयोग नहीं है। (1)
द. भोलानाथ का असली नाम तारानाथ था। (1)
इ. चौपाई छन्द में 4 चरण व प्रत्येक चरण में 16–16 मात्राएँ होती हैं। (1)
फ. 'निपात' शब्दों का प्रयोग वाक्यों को अलग करने के लिए किया जाता है। (1)

6. भक्तिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । (2)

अथवा

प्रयोगवाद की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

7. कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला अथवा कवि ऋतुराज का शिल्प–सौन्दर्य लिखिए। (2)

8. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या–क्या विशेषताएँ बताईं ? कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

कवि 'आत्मकथा' लिखने से क्यों बचना चाहता है ?

9. वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

महाकाव्य किसे कहते हैं ? किसी एक महाकाव्य का नाम लिखिए।

10. दोहा छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

मानवीकरण अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

11. कहानी की परिभाषा लिखिए एवं प्रेमचन्द की कोई दो कहानियों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

'आत्मकथा' विधा का परिचय लिखते हुए एक लेखक का नाम व उनकी एक रचना का नाम लिखिए।

12. लेखक स्वयं प्रकाश **अथवा** लेखिका मन्नू भंडारी की कोई दो भाषागत विशेषताएँ लिखिए। (2)

13. 'एक कहानी यह भी' आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसाई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है ? (2)

अथवा

वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है ?

14. 'निपात' शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

'समास' के प्रकारों के नाम लिखिए।

15. लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया ? (2)

अथवा

जार्ज पंचम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या–क्या यत्न किए?

16. महाकाव्य एवं खण्ड काव्य में कोई तीन अन्तर लिखिए। (3)

अथवा

स्थायी भाव एवं संचारी भाव में कोई तीन अन्तर लिखिए।

17. मुहावरे एवं लोकोक्ति में कोई तीन अन्तर लिखिए। (3)

अथवा

विज्ञापन लेखन एवं सूचना लेखन में कोई तीन अंतर स्पष्ट कीजिए।

18. अपठित गद्यांश अथवा अपठित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (3)

जिस मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या घर बना लेती है वह उन चीजों से आनन्द नहीं उठाता जो उसके पास मौजूद हैं बल्कि उन वस्तुओं से दुख उठाता है जो दूसरों के पास मौजूद हैं। वह अपनी तुलना दूसरों से करता रहता है और इस तुलना में अपने पक्ष के सभी अभाव उसके हृदय पर डंक मारते रहते हैं। डंक के इस दाह को भोगना कोई अच्छी बात नहीं है। मगर ईर्ष्यालु मनुष्य करे भी तो क्या! आदत से लाचार होकर उसे यह वेदना भोगनी पड़ती है। ईर्ष्या का यही अनोखा वरदान है।

प्रश्न – (1) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक चुनिए।
(2) ईर्ष्यालु व्यक्ति दुःखी क्यों रहता है ?
(3) 'दाह' और 'लाचार' शब्द के अर्थ लिखिए।

अथवा

जननी तेरे सभी जात हम जननी तेरी जय हो।
विश्वराज के प्रजातन्त्र में किसको किसका भय है,
हैं व्यक्तित्व स्वतन्त्र हमारे , साधित सर्वोदय है।
सीमाओं के बन्धन टूटे, प्रलय युद्ध सब पीछे छूटे,
जन–जन ने जीवन रस लूटे, हिंसा रहित हृदय है।

प्रश्न – (1) व्यक्ति की स्वतन्त्रता से क्या सध रहा है ?
(2) उपर्युक्त पद्यांश का सारांश लिखिए।
(3) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

19. लेखिका मन्नू भंडारी के साहसिक व्यक्तित्व पर एक अनुच्छेद लिखिए। (3)

अथवा

दो मित्रों के बीच 'मेरी प्रिय कहानी' विषय पर संवाद लिखिए।

20. निम्नलिखित पद्यांश का सन्दर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (4)

उधौ, तुम हौ अति बड़ भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहित मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं डाल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति–नदी मैं पाऊँ न बोर्यौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।

अथवा

बादल, गरजो !–
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ !
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के–से पाले,
विद्युत – छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले !
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो –
बादल, गरजो !

21. निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ – प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (4)

मूर्ति संगमरमर की थी। टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँची। जिसे कहते हैं बस्ट। और सुंदर थी। नेताजी सुंदर लग रहे थे। कुछ–कुछ मासूम और कमसिन। फ़ौजी वर्दी में। मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो ................... वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था।

अथवा

फ़ादर को ज़हरवाद से नहीं मरना चाहिए था। जिसकी रगों में दूसरों के लिए मिठास भरे अमृत के अतिरिक्त और कुछ नहीं था उसके लिए इस ज़हर का विधान क्यों हो ? यह सवाल किस ईश्वर से पूछें ? प्रभु की आस्था ही जिसका अस्तित्व था। वह देह की इस यातना की परीक्षा उम्र की आखिरी देहरी पर क्यों दे ? एक लंबी, पादरी के सफेद चोगे से ढ़की आकृति सामने है– गोरा रंग, सफ़ेद झाँई मारती भूरी दाढ़ी, नीली आँखें– बाँहें खोल गले लगाने को आतुर।

22. मान लीजिए आपकी कक्षा 10वीं की अंकसूची की मूल प्रति गुम हो गई है। सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म0प्र0, भोपाल को आवेदन पत्र लिखकर अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन–पत्र लिखिए। (4)

अथवा

अपनी शैक्षिक प्रगति से अवगत कराने हेतु पिताजी को पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए – (4)

अ. मेरा देश भारत
ब. पर्यावरण प्रदूषण–समस्या व समाधान
स. जल ही जीवन है
द. कम्प्यूटर का हमारे जीवन में महत्व
इ. दहेज प्रथा : समस्या और समाधान

———